# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bihar.gov.in, Email-bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 29/11/2022

## अधिसूचना

संख्या- नि॰प्रा॰/नि॰ 1-13/2022 2161... बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 1794 दिनांक 23.09.2022 द्वारा अन्य समितियों के साथ **पश्चिम चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड अंतर्गत नौतन व्यापार मंडल सहयोग समिति लि०** का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त समिति का निर्वाचन कार्यक्रम प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 1951 दिनांक 19.10.2022 द्वारा स्थगित किया गया था। निर्वाचन स्थगन के पूर्व नामांकन एवं संवीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हो चुका था। किंतु उक्त समिति में एक नये मतदाता का नाम शामिल किया गया है। अतएव **नौतन व्यापार मंडल सहयोग समिति लि०** का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचना संख्या- 1794 दिनांक 23.09.2022 के क्रम में नामांकन के स्तर से निम्नवत निर्धारित किया जाता है-

| क्र० | निर्वाचन के प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | नामांकन की तिथि एवं समय | 09.12.2022 (शुक्रवार) एवं 10.12.2022 (शनिवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 12.12.2022 (सोमवार) एवं 13.12.2022 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | अभ्यर्थिता वापसी | 15.12.2022 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 22.12.2022 (गुरूवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतगणना | 22.12.2022 (गुरूवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vi) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 24.12.2022 (शनिवार) |

2. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में **नौतन व्यापार मंडल सहयोग समिति लि०** के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार यथा माइकिंग, ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपकाकर किया जाएगा। दिनांक 05.12.2022 तक इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

3. **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार नामांकन दायर किया गया है, उन्हें पुनः नामांकन दायर करने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही प्राधिकार के निदेशानुसार वर्तमान मतदाता सूची से हटाये गये व्यक्तियों द्वारा यदि नामांकन दायर किया गया है, तो उसे मान्यता नहीं दी जायेगी।**

4. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र-ई 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

5. निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के अगले दिन प्राधिकार के वेबसाईट पर http://bsea.bihar.gov.in प्रपत्र-ई 18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।

6. **बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 24.12.2022 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश ''सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका'' के पृष्ठ 122-129 पर देखा जा सकता है।**

7. अधिसूचना संख्या 1794 दिनांक 23.09.2022 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 2161 पटना/ दिनांक 29/11/2022

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : पटना/ दिनांक

प्रतिलिपि: प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), पश्चिम चम्पारण/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण/ पुलिस अधीक्षक, पश्चिम चम्पारण/ अपर समाहर्त्ता, पश्चिम चम्पारण/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), नौतन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), पश्चिम चम्पारण से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियॉ अपने स्तर से भी ससमय प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), नौतन को उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निदेशित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 2161 पटना/ दिनांक 29/11/2022

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2161 पटना/ दिनांक 29/11/2022

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा पदाधिकारी (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूप बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।